म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/नि./निविदा प्रपत्र/संशे./2019–20/1944 भोपाल, दिनांक 01/10/19
प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
तकनीकी संभाग, ...(समस्त)।

विषयः– नवीन निविदा प्रपत्र एवं शर्तों विषयक्।
संदर्भः– (1) इस कार्यालय का पत्र क. 586 दिनांक 24.05.2019।
(2) इस कार्यालय का पत्र क. 1735 दिनांक 09.09.2019।

––0––

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों का अवलोकन करें, जिसके माध्यम से मण्डी बोर्ड तथा मण्डी समितियों से संबंधित निर्माण कार्यों की निविदा इत्यादि की कार्यवाही हेतु नवीन निविदा प्रपत्र एवं शर्तों को प्रभावशील किया गया है।

म.प्रशासन की नवीन ई–टेण्डर पोर्टल पर निविदाओं के आमंत्रण तथा उसकी पश्चात्वर्ती कार्यवाही में निविदा के साथ ऑन–लाईन जमा अरनेस्ट मनी वर्तमान में प्रश्नागत निविदा के अंतिम निराकरण तक शेष निविदाकरों को वापिस प्राप्त होने में अत्यधिक विलंब की स्थिति निर्मित होने से प्रभावित निविदाकारों द्वारा इस संबंध में उचित कार्यवाही हेतु संपर्क किया जा रहा है।

इस परिप्रेक्षय में शासन की नवीन ई–पोर्टल में निविदाकारों के वित्तीय ऑफरों को खोलने के पश्चात् न्यूनतम निविदाकार (एल–1) को छोडकर निविदा की प्रतिस्पर्धा में शेष अन्य निविदाकारों के द्वारा ऑन–लाईन जमा की गई अरनेस्ट मनी को तत्समय ही वापिस करने के प्रावधान को लागू करने के लिए **मेप–आई.टी.** को कार्यालयीन पत्र क. 1709 दिनांक 04.09.2019 से लेख किया गया था।

उक्त बावत् **मेप–आई.टी.** द्वारा समन्वय अंतर्गत यह अवगत कराया कि निविदा जारी करने वाले प्राधिकारी द्वारा प्राप्त निविदाओं के वित्तीय ऑफर खोलने के पश्चात् **न्यूनतम निविदाकार (एल–1)** को छोडकर निविदा प्रतिस्पर्धा में सम्मिलित शेष अन्य निविदाकारों के वित्तीय ऑफरों को उसी समय ऑन–लाईन निरस्त करने पर शेष निविदाकारों को उनके द्वारा ऑन–लाईन जमा अरनेस्ट मनी तत्समय ही ऑन–लाईन वापिस हो सकेगी।

अतः निविदा कार्यवाही के अंतर्गत प्राप्त निविदाओं के वित्तीय ऑफर खोलने के उपरांत **न्यूनतम निविदाकार (एल–1)** को छोडकर निविदा प्रतिस्पर्धा में सम्मिलित शेष अन्य निविदाकारों के वित्तीय ऑफर तत्समय ही ऑन–लाईन निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

(कार्यवाही प्रबंध संचालक द्वारा अनुमोदित)

अधीक्षण यंत्री
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

Scanned with CamScanner

क्रमांक/बोर्ड/नि./निविदा प्रपत्र/संशो./2019–20/1945 भोपाल, दिनांक 01/10/19

प्रतिलिपिः–

1. निज सहायक, माननीय अध्यक्ष महोदय, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
2. निज सहायक, प्रबंध सहायक, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
3. अधीक्षण यंत्री, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
4. कार्यपालन यंत्री, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
5. सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, ...जिला........................(समस्त)।

अधीक्षण यंत्री
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

Scanned with CamScanner